प्रभात खबर

बिहार में चल रही थी नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री, बोतल की पैकिंग ऐसी की नहीं पकड़ पाते थे लोग

बिहार में नकली शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री लंबे समय से चल रही थी. मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में दो मंजिले मकान के अंदर चल रहे नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री का उत्पाद विभाग की टीम ने खुलासा किया है. छापेमारी के दौरान मकान के अंदर पार्टी कर रहे चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है.

सरगना समेत 4 लोग गिरफ्तार

प्रभारी उत्पाद अधीक्षक अभिनव कुमार व इंस्पेक्टर पिंकी कुमारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गयी है. शनिवार की रात आठ बजे से शुरू हुई कार्रवाई रात 11 बजे तक जारी थी. इस दौरान एक पिकअप भी जब्त किया गया. उसके अंदर रखे हजारों खाली बोतल, कमरे के अंदर से शराब पैकिंग करने की सामग्री, 25 लीटर वाली स्प्रिट के 10 से अधिक खाली गैलन, रैपर, ढक्कन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है. मौके से जिन चार लोगों को पकड़ा गया है, उनमें नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का सरगना भी शामिल है. करीब पांच कार्टन नकली तैयार विदेशी शराब भी जब्त की गयी है.

ऐसे तैयार होता था नकली विदेशी शराब..

प्रभारी उत्पाद अधीक्षक अभिनव कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि राघोपुर में एक दो मंजिले मकान के अंदर नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री चल रही है. यहां दूसरे राज्यों से स्प्रिट मंगवा कर शराब की पैकिंग की जाती है. फिर कार्टन में उसे दूसरे राज्यों में निर्मित विदेशी शराब की तरह सजाकर खुले बाजारों में सप्लाई की जा रही है. सूचना के आलोक में इंस्पेक्टर पिंकी कुमारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गयी. वे खुद पूरी कार्रवाई की मॉनीटरिंग कर रहे थे.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/muzaffarpur/arresting-in-duplicate-sharab-factory-in-ahiyapur-muzaffarpur-bihar-liquor-news-skt